प्रादेशिक समाचार

दिनांक–17.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक आज लोकसभा में होगा पेश, भाजपा सांसदों के लिए जारी किया गया व्हीप।
- ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में राज्य के पूर्व गृह सचिव राजीव अरुण एक्का के खिलाफ लोकपाल से की कार्रवाई की अनुशंसा।
- झारखंड एकेडमिक काउंसिल– जैक की मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 11 फरवरी से, शिड्यूल हुआ जारी।
- रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, मैकलुस्कीगंज में पारा दो डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।
- दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में झारखंड की रीता कुमारी को रजत और रेणु कुमारी को मिला कांस्य पदक।

*******************

वन नेशन, वन इलेक्शन विधेयक आज दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश किया जायेगा। कुछ दिनों पहले ही इस बिल को केंद्रीय कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी थी। भाजपा ने अपने सभी सांसदों के लिए व्हीप जारी किया है और आज संसद में मौजूद रहने को कहा है। इस बीच केन्द्रीय मंत्री सीपी जोशी ने कहा है कि वन नेशन, वन इलेक्शन विकसित भारत यात्रा को आगे बढ़ाने में सहायक साबित होगा।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में राज्य के पूर्व गृह सचिव सेवानिवृत आइएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का के खिलाफ लोकपाल से कार्रवाई की अनुशंसा की है। लोकपाल को भेजे गये पत्र में इडी ने कहा है कि झारखंड में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के दौरान श्री एक्का की गतिविधियां संदिग्ध पायी गयी थी। इडी ने यह भी कहा है कि जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर श्री एक्का के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को भेजी गयी लेकिन सरकार ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

*******************

जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर कल रांची में हुए लाठीचार्ज की भाजपा ने कड़ी निंदा की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसे अमानवीय बताया है। इधर, रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलना चाहती है।

*******************

इस बीच कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने छात्रों के विरोध के पीछे भाजपा के नेताओं का हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वह सरकार पर भरोसा रखें, उनके भविष्य की सुरक्षा करना सरकार का काम है।

*******************

इधर, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने छात्रों पर लाठीचार्ज के मामले में सफाई दी है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गयी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल–जैक ने मैट्रिक और इंडर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 11 फरवरी से तीन मार्च तक चलेंगी। जैक के अनुसार मैट्रिक की परीक्षा पहली पाली में सुबह पौने दस बजे से दोपहर एक बजे तक होगी जबकि इंटर की परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर दो बजे से शाम सवा पांच बजे तक चलेंगी।

*******************

दो प्राईवेट कंपनियों को बकाया भुगतान नहीं करने पर सीसीएल का बैंक खाता अटैच कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रथम श्रेणी के अवर न्यायाधीश चंद्रभानु कुमार के आदेश पर की गयी है। सीसीएल के जिस बैंक खाते को अटैच किया गया है, वह रांची के दरभंगा हाउस स्थित एसबीआई शाखा में है।

*******************

जामताड़ा जिले में धान अधिप्राप्ति योजना सुचारु तरीके से चल रही है।

*******************

पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के कारण रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। कल रांची के कांके का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव तीन डिग्री जबकि मैक्लुस्कीगंज का न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया और ठंड की स्थिति को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के सात जिलों गढ़वा, पलामू, चतरा, गुमला, रामगढ़, बोकारो तथा धनबाद के लिए शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है।

*******************

दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद के अंडर 19 वुशु प्रतियोगिता में झारखंड की बालिकाओं ने दमदार प्रदर्शन किया है। झारखंड की रीता कुमारी ने प्रतियोगिता में रजत और रेणु कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खेल विभाग के अधिकारियों ने बधाई दी है।

*******************

संक्षिप्त खबरें–

- हजारीबाग जिले में पुलिस ने 25 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है। इसे अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई कही जा रही है।
- सरायकेला–खरसांवा जिले में विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 91 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया।
- पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने से जुड़े मामले में गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को हाईकोर्ट से मिली राहत, अगली सुनवाई तक बरकरार रखी गयी है। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।
- देवघर जिले में चौकीदारों की सीधी नियुक्ति को लेकर 22 दिसंबर को 10 केंद्रों पर लिखित परीक्षा होगी।
- गुमला जिले की मांदर वाद्य यंत्र की पारंपरिक कला को जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग प्रदान करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस सिलसिले में अंतिम सुनवाई 20 दिसंबर को नई दिल्ली में होगी।

********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर रांची में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज और मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज, छह घायल, देवेन्द्र महतो गिरफ्तार।

हिन्दुस्तान लिखता है– सीजीएल परीक्षा को लेकर हंगामा, छात्रों पर पुलिस ने भांजी लाठियां।

प्रभात खबर ने विश्व विख्यात तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– तबले की थाप शांत, अलविदा उस्ताद।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी तबला वादक उत्साद जाकिर हुसैन के निधन की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****************